an>

Title : Need to take measures to clean Panchganga river in Hatakangale Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे (हातकणंगले): अध्यक्ष महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विषय पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । मैं जिस हातकणंगले लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से आता हूं, वहां की जो प्रमुख वाहिनी नदी है, वह पंचगंगा नदी है । यह नदी प्रदूषण की वजह से बहुत ही त्रस्त है । वहां के लोगों की उपजीविका होने के कारण खेती और पीने के पानी के लिए इस नदी का काफी महत्व है । यह नदी आज बहुत प्रदूषित हो गई है । उसमें ज्यादा प्रदूषण होने के कारण उसका पानी खेती के लिए भी उपयुक्त नहीं है । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि उसके लिए एक विशेष प्राधिकरण बनाया जाए । एक योजना के तहत उसको साफ करने के लिए निश्चित रूप से कार्य करना जरूरी है । निश्चित रूप से हमारी मांग है कि हमारे क्षेत्र के लोगों को अच्छा पानी मिलना चाहिए । इस हेतु केन्द्र सरकार वहां पर प्राधिकरण गठित करे और उस नदी को स्वच्छ करने का कार्यक्रम हाथ में ले ।

माननीय अध्यक्ष: श्री जगदम्बिका पाल जी – उपस्थित नहीं ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आज इनका नंबर नहीं है ।

श्री राहुल रमेश शेवाले जी ।